# Major Events organized by NSS in the year 2009-2010.

## 1. Observed Anti-Terrorism Day ( 21.05. 2009)

A pledge to fight against terrorism was taken by the students of GJUS&T on the occasion of anti-terrorism day in remembrance of death anniversary of former Prime Minister of India Mr. Rajiv Gandhi. The Day is observed to generate awareness in the country among all sections of people, about the danger of terrorism, violence and its dangerous effect on the people, the society and the country as a whole. Dr. Sandeep Rana, Coordinator, NSS, appealed the youth to fight the menace of terrorism with courage and said that it is our moral commitment to uphold and promote the tradition of peace.

## 2. NSS launches Help Desk and Help Line (01.7.09 to10.07.09)



A Help line has been initiated by the National Service Scheme (NSS) unit of the university from 01-07-09 to 30-07-09 to provide the information and assistance to the students aspiring to take admission in the university along with Help Desk. NSS volunteers and Coordinator Dr. Sandeep

Rana provided the help to the needy students and their guardians regarding all kind of queries related to admission. More than one thousand aspirants personally visited the Help Desk and more than two thousand inquires have been attended telephonically round the clock.




गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में एनएसएस शाखा द्वारा चलाए जा रहे नव आगन्तुक विद्यार्थियों की सहायतार्थ हैल्प डैस्क में उपस्थित स्वयं सेवक। *अभी–अभी*

# गुजवि में लगाया सहायतार्थ डैस्क

**हिसार, 2 जुलाई(एएएन)।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में एनएसएस शाखा द्वारा चलाए जा रहे नव आगन्तुक विद्यार्थियों की सहायतार्थ हैल्प डैस्क का निरीक्षण आज विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ देवेन्द्र दयाल सिंह संधू, पीवीएसएम (सेवानिवृत) ने किया। डा संधू ने इस अवसर पर कहा कि हैल्पलाईन व हैल्प डैस्क द्वारा न केवल विद्यार्थियों के दाखिले सम्बंधी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है बल्कि इच्छुक विद्यार्थियों को पाठ्यमों की उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। कुलपति डा संधू ने एनएसएस स्वयंसेवकों तथा संयोजक डा संदीप राणा को इस कार्य के सुचारू रूप से संचालन के लिए शुभकामनाएं दी। एनएसएस शाखा के संयोजक डा संदीप राणा ने बताया कि हैल्प डैस्क के माध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में दाखिले के लिए ली जा रही प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम भी बताया जा रहा है।

उन्होंने आगे बताया कि हैल्पलाईन 30 जुलाई 2009 तक व हैल्पडैक्स 7 जुलाई 2009 तक विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध होंगे। उन्होंने आगे बताया इच्छुक विद्यार्थी हैल्पलाईन नम्बर 9416051041, 9255110772, 9416784706, 9354434048, 9416927792 व 9466748271 पर सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पंजाब केसरी : 3/7/09

# 2.NSS organized Plantation Day




In the remembrance of Guru Jambheshwar Ji Maharaj, a great environmentalist of the 15th century "Plantation Day" was organized by the NSS unit of the university on 13-08-09. Dr. Sandeep Rana, programme coordinator NSS reported that more than 1000 students and NSS volunteers participated in this event. The basic objective of the programme was to sensitize the students towards environmental concerns, to inculcate the value of organizational commitment and WE feeling and ultimately to make the campus green. Various kinds of plants have been planted by the students in the university campus. Vice-Chancellor, Lt. Gen. (Dr.) D.D.S. Sandhu, (Retd.), PVSM, Prof. R.S. Jaglan, registrar, GJUS&T, and Dr. Kishana Ram, Head, Guru Jambheshwar Religious Study centre took the personal interest in the programme and they were also involved in the plantation along with various faculty members and members of non-teaching staff.

# 4.NSS celebrates Flag Day(25-11-2009)




NSS unit of GJUS&T organized a patriotic cultural programme based on communal harmony on 25-11-09 to celebrate the Flag Day. All NSS volunteers are involved in the programme and expressed there patriotic emotions in various forms. Dr. Sandeep Rana, Coordinator, NSS, sensitized the students for working in National Interest. Prof. R.S. Jaglan, Registrar, also highlighted the relevance of communal harmony for national development.

## फोकस




### झंडा दिवस पर कार्यक्रम

हिसार। गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आज विश्वविद्यालय में झण्डा दिवस व कोम्यूनल हार्मोनी सप्ताह के अंतिम दिन देशभक्ति से ओत-प्रोत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आरएस जागलान मुख्य अतिथि थे। कुलसचिव प्रो. जागलान ने अपील की कि हमें बढ़चढ़ कर झण्डा दिवस पर दान करना चाहिए ताकि हिंसा में पीड़ित बच्चों व समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को सहायता पहुंचाई जा सके और समाज को एक नई दिशा मिल सके। उन्होंने समाज में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई और समाज के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि उन्हें आगे बढ़कर आना चाहिए ताकि समाज को समृद्ध व हिंसामुक्त बनाया जा सके। आतंकवाद की समस्या से कंई देश व समाज जूझ रहे हैं। समाज को इसे मजबूती से लड़ना होगा।

हरिभूमि 22-11-2009




**Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hisar (GJUST), celebrated Flag Day recently and organised a ceremonial function where students put forward some cultural performances**

# 5. State level Exhibition on World AIDS Day "Youth Voice on HIV/AIDS Free India"(1.12.09)






A state level exhibition has been organized on World AIDS Day (01-12-2009) with the objective to make people aware about the vulnerable beliefs and behaviors towards HIV infection, and how to modify such cognitions and behaviors individually, at family level, school level and societal level. The event covers the following activities. State level poster competition for HIV/AIDS awareness, poster display of HIV risk factors (parental, peer-related, societal, psychological, behavioral, physiological, medical, etc.), poster display of health beliefs in HIV risk behavior, poster display of behavior modification for HIV risk behavior, information regarding HIV/AIDS control societies, posters highlighting the barriers in reducing HIV/AIDS,

interactive sessions. The event was jointly organized by NSS and Centre for Behavioral Research & Intervention and sponsored by Haryana AIDS Control Society. More than 4000 students covering 28 colleges and all the universities of haryana participated in the programme. Dr. Sandeep Rana, NSS Coordinator, appealed the youth for saving the Nation from this disease and highlights the relevance of positive and healthy life styles.

# विद्यार्थियों ने जाना, कैसे होता है एड्स से बचाव

## गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय में लगी राज्यस्तरीय प्रदर्शनी

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार व हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी, पंचकूला ने संयुक्त प्रयास से मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रांगण में 'यूथ्स वाइस आन एचआईवी-एड्स फ्री इंडिया' विषय पर एक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया। यह आयोजन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व सेंटर फॉर बिहेवियर रिसर्च एंड इंटरवेन्शन के सहयोग से आयोजित किया गया। इस दौरान हरियाणा के 18 कालेजों व सभी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डा. देवेन्द्र दयाल सिंह संधू ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रो. जागलान ने 'विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।

डा. देवेन्द्र दयाल सिंह संधू ने कहा कि एक सुदृढ़ समाज व देश के लिए एक रोगमुक्त युवाशक्ति की जरूरत होती है। एड्स और एचआईवी जैसी बीमारियां इसके सामने एक रुकावट पैदा कर सकती हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करना सबसे अहम है।



उधर, 'हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय प्रांगण में विश्व एड्स दिवस के पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 150 एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने एड्स जागरूकता मुहिम में सहयोग देने की शपथ ली। एनएसएस के कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. आईजे परूथी ने की। इस प्रतियोगिता में छात्रों में दीपेन्द्र शाही, राकेश वशिष्ट व नितिश कुमार तथा छात्राओं में स्वाति, रीना व प्रियंका क्रमशः प्रथम, द्वितिय एवं तृतीय घोषित किए गए।

(अमर उजाला 2/12/09

## 6. Distribution of woolen clothes to lesser privileged people.

# हर चेहरे पर दिखी मुस्कान




जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित करते गुजवि के रजिस्ट्रार डा. आरएस जागलान।

- अर्पण अभियान के तहत गुजवि एनएसएस यूनिट ने बांटे गर्म वस्त्र

एक कदम बढ़ायें। अर्पण दैनिक जागरण विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

हिसार, जागरण संवाददाता : दैनिक जागरण के अर्पण अभियान के तहत गुरू जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने गर्म वस्त्र वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विवि के रजिस्ट्रार प्रो आरएस जागलान उपस्थित थे। इस मौके पर उनके साथ दैनिक जागरण के महाप्रबंधक नीरज शर्मा व समाचार संपादक गुलशन कुमार भी थे। प्रो जागलान ने विवि एनएसएस प्रभारी डा संदीप राणा के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा एकत्रित किए गए गर्म कपड़ों को विवि के निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों को वितरित किया। इसके अलावा उन्होंने विज्ञापन प्रबंधन एंव जन संचार विभाग के विद्यार्थियों व गैर शिक्षक कर्मियों की ओर से मजदूरों के बच्चों को नए गर्म वस्त्र प्रदान किए। प्रो जागलान ने इस मौके पर कहा कि यह अभियान अपने आप में एक मिसाल है तथा इस तरह के अभियान चलते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि मजदूरों के बच्चों के लिए हेल्थ शिविर लगाया जाएगा। एनएसएस स्वयंसेवकों ने सेक्टर-14 में भी जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए। इस मौके पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरि विभाग के डा सीपी कौशिक विज्ञापन प्रबंधन एवं जन संच विभाग की अध्यक्ष डा बंद पांडेय, डा सुनीता रानी, डा मंजू, निर्मल, शैफाली शर्मा, गैर शिक्ष कर्मी राजेश भाकर, सती गिल्होत्रा, सुभाष सपड़ा, सुरेश झुरिया रामसिंह यादव, एनएसएस स्वयंसेवक विवेक, सुनील, पूनम, चित्रा, अजेय याद व मनोज अटवाल आदि भी उपस्थित थे।



गर्म वस्त्र मिलने के बाद खिल गए सबके चेहरे। जागर

NSS volunteers provided the woolen clothes to the lesser privileged persons on 24-12-09 with a objective to help them in chilly winter and to develop a feeling of empathy among volunteers.

# 7. Celebration of cleanliness day (30.01.2010)



One day camp was organized in the campus of Govt. Girls College, Hisar for cleanliness at the occasion of national cleanliness day on 30-01-2010. A work-shop of all the sweepers of the university was organized on the same day to assist them for the betterment of their physical and mental health, to provide educational guidance for their children.

## 8. Awareness programme for the relevance of conducting Gram Sabha in Panchayats.



The NSS volunteers of the University covered 20 villages of districts Hisar during 22-02-2010 to 24-03-2010) and made the people aware about the relevance of participative decision making and role of gram sabha in the village development with the help of a documentary prepared by Arvind Kezriwal (Ramman Megsassay Award Winner) & his Team. The motive was to strengthen the democracy at grass root level and make the people aware about their democratic rights.

# 9. Seminar on National Development



A seminar was organized by NSS Unit of GJUS&T on "National Development "on 25-03-2010. Ramon Megsaysay award winner Sh. Arvind Kejriwal was the chief guest and key speaker on this occasion. Kejriwal highlighted the national issues and concerns. He appealed and sensitized the youth to take part in national development activities. He emphasized that the involvement of common man in decision making is essential to strengthen the real democracy at grass root level. He further elaborated that transparency and participative decision making is the only solution for national problems.

चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2067 दैनिक भास्कर हिसार

# असली स्वराज अभी दूर : केजरीवाल

## मैग्सेसे विजेता अरविंद ने कहा, बुनियादी स्तर पर कोशिशें करनी होंगीं

भास्कर न्यूज | हिसार

**'कहने** को तो हमारे देश में छह दशक पहले ही स्वराज स्थापित हो गया था मगर वास्तविक स्वराज पाने के लिए हममे से हर एक को अब भी बुनियादी स्तर पर कोशिशें करने की जरूरत है। खासकर ग्रामीण लोगों को अपने अधिकारों के प्रति सजग और सतर्क होना होगा।' यह कहना है सूचना के अधिकार के प्रणेता और रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता अरविंद केजरीवाल का। वे गुरुवार को गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (गुजवि) के सेमिनार हाल में 'राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से राष्ट्रीय विकास' विषय पर हुए कार्यक्रम में बोल रहे थे।



गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में व्याख्यान देते अरविंद केजरीवाल।

उन्होंने कहा कि वास्तविक स्वराज की स्थापना के लिए ग्राम सभा की सक्रियता जरूरी है और इससे गांवों का सर्वांगीण विकास भी संभव हो पाएगा। ग्राम सभा की बैठक न सिर्फ निश्चित समय पर होनी चाहिए, बल्कि ऐसी बैठकों में उस गांव के हर वर्ग के लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। ऐसी बैठकों में समस्याओं का निबटारा सामूहिक सहमति और सामंजस्य से किया जाना चाहिए। सूचना के अधिकार के बारे में गांव के हर नागरिक को कम से कम प्राथमिक स्तर पर तो जागरूक होना ही होगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता में समान्य जागरूकता की अपार कमी है और यही कारण है कि लोग अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाते। उन्होंने सूचना के अधिकार को प्रासंगिक बनाने के लिए इसमें प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि देश की वास्तविक तरक्की में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए उन्हें अपने सृजनात्मक और सकारात्मक कार्यों से आधुनिक और आदर्श भारत की परिकल्पना को साकार करने में जुट जाना चाहिए। केजरीवाल ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से एकजुट और जागरूक होने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने स्तर पर वास्तविक स्वराज की स्थापना के लिए प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के दौरान एक मूवी भी दिखाई गई जिसमें ग्रामीण लोगों की जागरूकता के सकारात्मक परिणामस्वरूप सामान्य गांव के आदर्श गांव में तब्दील होने की सच्ची कहानी दर्शाई गई।

विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. संदीप सिंह राणा ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत जिले के तकरीबन 20 गांवों को ग्राम सभा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को यह बोध कराया गया कि उनके गांव का विकास न सिर्फ उनकी जिम्मेदारी है, बल्कि इसके लिए उनकी तत्परता भी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स को प्रमाण पत्र दिए गए, जिनमें सुनील कुमार को बेस्ट वालंटियर घोषित किया गया।

कार्यक्रम में सामाजिक संस्था 'लोकप्रथम' के राकेश अग्रवाल, 'वास्तविकता' के राजेश जाखड़, पीडीसीपीए के प्रवीण कुमार, डॉ. दीपक केडिया, डॉ. जसप्रीत, डॉ. राकेश बहमनी के अलावा बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद थे।

### अब जनता करेगी फैसला

अरविंद केजरीवाल ने बताया कि गुरुवार को शहर के पार्षदों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें 11 पार्षदों ने इस फैसले पर आम सहमति जाहिर की है कि वार्ड में होने वाले विकास कार्यों में वार्डवासियों की आम सहमति ली जाएगी। क्षेत्र में होने वाले जिस निर्माण कार्य से जनता संतुष्ट होगी, संबंधित ठेकेदार को सिर्फ उसी का भुगतान किया जाएगा। विकास के लिए आए फंड के कितने हिस्से को कहां खर्च किया जाए, यह भी वार्ड की जनता ही तय करेगी। बैठक में मौजूद पार्षदों में अरविंद खरींटा, मंजू अरोड़ा, राज हसीना, शोभा नेहरू, उदयवीर मिंटू, यदविंदर बॉबी, अनिल जैन, मनोहर नांगड़, पृथ्वी मलिक, ओमपति काजला आदि शामिल हैं।

# Honoring the Senior Citizen (08-05-2010)

## सेवाभाव की अद्भुत मिसाल

**वरिष्ठजनों** के सम्मान की परिकल्पना भले ही दैनिक भास्कर की रही मगर यह कार्यक्रम लोकप्रथम, एम्बीशन इंस्टीट्यूट और डालमिया–103 के प्रयासों से ही सफल बना। और जीजेयू के एनएसएस टोली के तो कहने ही क्या! स्वागत सत्कार से लेकर गीत–संगीत से समां बांधने में वे कहीं पीछे नही रहे। शुभारंभ कवयित्री सुमन जैन की कविता 'मुस्कुराने पर मेरे नही जाओ दोस्त' से हुआ। सिमरन सिंह ने सुनाया– 'ऐसा देश है मेरा' जीजेयू के मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ.संदीप राणा ने भी गाया– सारथी वो नही जो कही लेकर जाएगा, सारथी वो है जो यहां तक लेकर आया। हम उनकी बात करते हैं, हुनर की हौसलों की बात करते हैं। छात्रा सुरभि ने मंच संचालन किया।







स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों को कोई तकलीफ नहीं होने दी। सीढ़ियों से संभालकर उन्हें उतारा, तो कहीं उनका सहारा बनकर चले। कार्यक्रम की समाप्ति पर उन्हें युवाओं ने ससम्मान विदाई दी और उनसे आशीर्वाद लिया।